संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय, सरगुजा अम्बिकापुर (छ.ग.)

(छ.ग. विश्वविद्यालय (संशोधन) अधिनियम, 18/2008 द्वारा स्थापित)

email:- registrarsua@yahoo.co.in Phone:- 07774-222791

क्रमांक: 446 / परीक्षा विभाग / 2020 अम्बिकापुर, दिनांक 14/09/2020

वार्षिक/सेमेस्टर परीक्षा 2020 के परीक्षा केन्द्रों/ महाविद्यालय परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश

कोविड–19 महामारी के कारण सत्र 2019–2020 की स्थगित परीक्षाओं के लिए छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग के आदेश कमांक एफ 3–33/2020/38–1, दिनांक 01.06.2020 तथा एफ 3–33/2020 38–1, दिनांक 30.07.2020 उच्च शिक्षा विभाग के पत्र कमांक एफ 3–12/2020 38–2 नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 09/09/2020 के आधार पर परीक्षा आयोजित किया जाना है। इस हेतु वर्ष 2019–2020 की समस्त परीक्षाओं के लिए अनुबंधित के माध्यम से परीक्षा की समस्त सूचना एवं प्रश्न–पत्रों का प्रेषण महाविद्यालय एवं छात्रों को उनके ई–मेल आई.डी./लॉगिन आई.डी. एवं एस.एम.एस. में दिया जायेगा।

स्नातक अंतिम (नियमित/स्वाध्यायी/भूतपूर्व/पूरक अंतिम अवसर) स्नातक प्रथम एवं द्वितीय स्वाध्यायी भूतपूर्व एवं पूरक अंतिम अवसर, स्नातकोत्तर पूर्व एवं अंतिम एवं सेमेस्टर अंतिम वर्ष की आयोजित होने वाली परीक्षाओं के लिए सामान्य निर्देश–

1. कोविड–19 की वजह से स्थगित परीक्षाओं के प्रश्न पत्र पुरानी पद्धति के ही होगें। विश्वविद्यालय/अधिकृत एजेंसी द्वारा प्रश्न पत्र कॉलेज एवं छात्रों के लॉगिन आईडी (login Id) पर भेजी जायेगी, महाविद्यालय के द्वारा छात्रों के लॉगिन आईडी (login Id) पर अपलोड किया जायेगा। प्रश्न पत्र विश्वविद्यालय वेबसाइट पर भी उपलब्ध रहेंगें। कोई असुविधा होने या प्रश्न पत्र प्राप्त नहीं होने की स्थिति में छात्र अपने महाविद्यालय/ परीक्षा केन्द्र पर सम्पर्क करेंगें। परीक्षा समय–सारिणी के अनुसार जिस विषय की परीक्षा होगी उसी समय परीक्षा प्रारंभ के दो घण्टे पूर्व प्रश्नपत्र कॉलेज लॉगिन (login Id) तथा छात्रों के लॉगिन आईडी (login Id) पर उपलब्ध किया जायेगा।

2. परीक्षा आयोजित तिथि को ही उत्तरपुस्तिका ऑनलाईन अपलोड करके भेजें एवं अपनी समस्त परीक्षा समाप्ति पश्चात् प्रत्येक प्रश्नपत्र के उत्तरपुस्तिकाओं को पृथक–पृथक छोटे लिफाफे में बंद कर उन समस्त छोटे लिफाफों को एक बड़े लिफाफे में डालकर एवं विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त प्रारूप को बड़े लिफाफे में चस्पा करने के बाद अपने महाविद्यालय में पंजीकृत डाक से भेजा जाये। विश्वविद्यालय द्वारा छात्रों के लॉगिन आईडी पर मुख्य उत्तरपुस्तिका का प्रथम पेज डाला जायेगा, जिसमें छात्र अपना विवरण लिखेंगे एवं मुख्य उत्तरपुस्तिका का एक अन्य पेज डाला जायेगा जिसे छात्र छायाप्रति कराकर उत्तरपुस्तिका के रूप में प्रयोग करेंगे। छात्र उत्तरपुस्तिका के लिए A4 साईज पेपर का भी उपयोग कर सकेंगे। छात्र को उत्तरपुस्तिका के प्रत्येक पृष्ठ में अपना हस्ताक्षर करना होगा। एवं छात्र को परीक्षा आयोजित तिथि को ही विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत एजेंसी, जिस एजेंसी के आईडी से छात्र को प्रश्न पत्र प्राप्त हुए हैं उसी आईडी में अपने उत्तरपुस्तिका को उसी दिन पी.डी.एफ. तैयार रात्रि 12:00 बजे तक अपलोड करना होगा।

3. छात्र पंजीकृत डाक से भेजी उत्तरपुस्तिकाओं की पावती अपने पास रखेंगे। छात्रों को निर्देश दिया जाता है कि वह अपने उत्तरपुस्तिकाओं के समस्त पेज पर नीचे दाईं ओर अपने हस्ताक्षर एवं अनुक्रमांक अनिवार्य रूप से लिखेंगे।

4. परीक्षार्थियों से प्राप्त उत्तरपुस्तिका परीक्षा केन्द्र/महाविद्यालय द्वारा व्यवस्थित कर विश्वविद्यालय को भेजा जायेगा। विश्वविद्यालय द्वारा परंपरागत् तरीके से मूल्यांकन कराया जायेगा।

Scanned with CamScanner

5. स्नातक प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय के जिन विषयों की परीक्षाएं आयोजित हो गई है, उनकी पुनः परीक्षा आयोजित नहीं होगी।

6. निर्णय लिया गया कि जिन विषयों की प्रायोगिक परीक्षा नहीं हुआ है उनका ऑनलाइन वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से परीक्षा लिया जा सकता है।

7. छात्र को प्रत्येक प्रश्न पत्र के उत्तर लिखने के पश्चात् एक वचन पत्र देना होगा। जिसमें उल्लेखित होगा कि छात्र द्वारा लिखी उत्तरपुस्तिका स्वंय की अर्थात् प्रश्नों का उत्तर स्वंय लिखा है एवं उसके उत्तरपुस्तिका पेज की संख्या कितनी है। उस वचन पत्र को अपनी उत्तरपुस्तिका के साथ संलग्न करना होगा।

8. कोविड–19 के कारण परीक्षा के उक्त प्रणाली में किसी भी परीक्षार्थी को कोई असुविधा तो नहीं हो रही है– इसे देखने के लिए परीक्षा प्रणाली व एक रिहर्सल (डमी) समस्त कक्षाओं के परीक्षार्थियों हेतु यथा संभव दिनांक 18.09.2020 को समय 8:00 बजे से किया जायेगा। अतः समस्त संबंधित परीक्षार्थी उक्त समय में परीक्षा के रिहर्सल (डमी) में अवश्य भाग लेगें।

9. यदि आपके द्वारा दिए गए मोबाइल नम्बर अथवा ईमेल को किसी कारण से आप बदलना चाहते हैं तो इस प्रक्रिया का अनुपालन करें।

Step-1: https://sua1.empfrm.com वेबसाइट खोले

Step-2: मोबाइल नम्बर/ईमेल बदले पर क्लिक करें

Step-3: अपना नामाकन संख्या और जन्मतिथि अंकित करें

Step-4: तत्पश्चात् आपका पुराना मोबाइल नम्बर और ईमेल दिखाई देगा और साथ में नया मोबाइल नम्बर और ईमेल अंकित करने का भी जगह दिया रहेगा, उसमें अपना नया मोबाईल नम्बर और ईमेल अंकित करना होगा।

Step-5: सेंड वेरिफिकेशन कोड बटन पर क्लिक करना होगा उसके पश्चात् वेरिफिकेशन कोड आपके मोबाइल नम्बर पर भेज दिया जायेगा।

Step-6: वेरिफिकेशन कोड आपको फिर अंकित करके अपडेट मोबाईल बटन पर क्लिक करना होगा, मोबाइल और ईमेल बदल जायेगा।

आदेशानुसार

सहायक कुलसचिव

Scanned with CamScanner